सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय में कौमी एकता सप्ताह

आ देश की धरती को नई जिंदगी दें,
गंगा को, हिमालय को नई रोशनी दें।

सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय में दिनांक 19 नवम्बर से 26 नवम्बर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। दिनांक 19 नवम्बर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में, 20 नवम्बर को अल्पसंख्यक दिवस , 21 नवम्बर को भाषायी सदभावना दिवस 22 नवम्बर को कमजोर वर्ग दिवस 23 नवम्बर को सांस्कृतिक एवता दिवस,24 नवम्बर को महिला दिवस ,25 नवम्बर को पर्यावरण संरक्षण दिवस और 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया ।
इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य, गीत ,नाट्क,कविता की प्रस्तुतियों द्वारा सद्भावना व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया । विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स जी ने अपने संदेश में कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत हितों का त्यागकर राष्ट्रीय हित के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें भाषा, वर्ण सम्प्रदाय , धर्म इन सब से ऊपर उठ कर भारत को अखंड ,समर्थ, शिक्षित ,व समृद्ध बनाने का कार्य करना चाहिए । हमारे लिए राष्ट्र हित एवं राष्ट्र सेवा सर्वोपरि होनी चाहिए।